हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 12 नवंबर 2025

04 रांची में जिले की नवाचारी पहलें रहीं आकर्षण...



07 दंबगों ने दंपती के साथ की मारपीट परिवार पलायन को हुआ मजबूर






**दिल्ली ब्लास्ट के बाद हाई अलर्ट पर गुना शहर**

# स्टेशन के चप्पे-चप्पे पर पुलिस, होटलों में खंगाले मुसाफिरों के दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

दिल्ली में हुए कार ब्लास्ट के बाद मध्यप्रदेश के साथ गुना जिले का सुरक्षा तंत्र भी सक्रिय हो गया है। देर शाम जैसे दिल्ली में ब्लास्ट से जुड़ी खबर सामने आई, वैसे ही गुना जिले में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया। आनन-फानन में पुलिस की टीम रेलवे स्टेशन, होटल सहित तमाम ऐसे स्थानों पर पहुंच गई, जहां बाहरी लोगों की सबसे ज्यादा आवाजाही होती है।

सोमवार रात तकरीबन 10 बजे पुलिस की एक टीम सबसे पहले गुना जंक्शन पर पहुंची, जहां उसने डॉग स्कवायड की मदद से संदिग्ध वस्तुओं की तलाशी ली। इसके बाद शहर के सभी होटलों में ठहरे बाहरी लोगों के आधार कार्ड कार्ड चेक करने के साथ ही उनके सामान की भी तलाशी ली गई। गौरतलब है कि दिल्ली में हुए इस आतंकी घटनाक्रम के बाद कुछ चुनिंदा राज्यों में अलर्ट घोषित किया गया है, जिसमें मध्यप्रदेश भी शामिल है।



### रेलवे स्टेशन पर पहुंचा डॉग स्क्वायड

घटना के बाद गुना सीएसपी प्रियंका मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम रेलवे स्टेशन पहुंची, जहां डॉग स्क्वायड की मदद से प्रत्येक यात्री के सामान की तलाशी ली गई। हालांकि किसी संदिग्ध व्यक्ति अथवा सामान मिलने की कोई सूचना नहीं है। बावजूद इसके पुलिस एहतियात के तौर पर लगातार रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी पुलिस के संपर्क में है। पुलिस अधिकारियों की मानें तो जब तक गुना जिले में अलर्ट है, तब तक इस चैकिंग अभियान को रूटीन का हिस्सा बनाया जाएगा।

### निरीक्षण छोड़ वीसी में पहुंचे आईजी

ग्वालियर संभाग के आईजी तीन दिनों के लिए गुना जिले के वार्षिक निरीक्षण पर हैं। जहां मंगलवार को वह पुलिस लाईन में विभाग अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दे रहे थे। इस दौरान अचानक पुलिस परेड छोड़कर आईजी पुलिस कंट्रोल रूम पहुंच गए, जहां उनकी उच्च स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में पहुंचे की सूचना है।

### डीजी के निर्देश के बाद एक्टिव हुई पुलिस

गृह मंत्रालय से मिले निर्देशों के बाद पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ग्वालियर संभाग के आईजी, डीआईजी एवं गुना एसपी से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए सीधे मुखातिब हुए। उन्होंने न केवल आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए, बल्कि आवश्यक स्थानों की चौकसी बढ़ाने को भी कहा है। इन आदेश के बाद गुना पुलिस की अलग-अलग टीमें मुसाफिरखानों तक पहुंच गईं, जहां एक-एक यात्री के सामान की जांच की गई। हालात सामान्य होने तक गुना पुलिस को अलर्ट मोड पर रखा गया है।



### लंबी दूरी की बसों में तलाशी

कोतवाली एवं कैंट थाना पुलिस की संयुक्त टीमें देर रात तक बस स्टैंड क्षेत्र में मौजूद रहीं। जहां दिल्ली की ओर से आने वाली बसों की गहन तलाशी ली गई। इसके साथ ही ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, राजस्थान जाने वाले कुछ यात्रियों से भी पूछताछ की गई। हालांकि इस दौरान यात्रियों ने भी पुलिस टीम की पूरी मदद की और अपने सामान की जांच कराने से उन्होंने कोई गुरेज नहीं किया।



### देर रात तक सर्चिंग करती रही पुलिस

देर रात तकरीबन 9 बजे पुलिस के विभिन्न दलों ने शहर की ऐसी तमाम होटल, लॉज एवं धर्मशालाओं में दस्तक दी, जहां बाहरी लोग अलग-अलग कारणों से ठहरे थे। पुलिस ने पूरे इत्मिनान से लोगों के दस्तावेजों की जांच की, बल्कि उनसे गुना में रुकने का कारण भी पूछा। बताया जाता है कि इस दौरान पुलिस ने कुछ लोगों के सामान की भी जांच की।

### चलता रहेगा निरीक्षण

गुना अलर्ट पर है। लिहाजा हमनें सभी होटल्स, ढाबे, लॉज, धर्मशाला सहित यात्री ठिकानों पर जांच की। अभी जब तक अलर्ट घोषित है, तब तक रुटीन में यह निरीक्षण चलता रहेगा। फिलहाल कोई संदिग्ध व्यक्ति या सामान नहीं मिला है।

**-प्रियंका मिश्रा,** सीएसपी गुना।

## समाचार संक्षेप

### बमोरी विधानसभा में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान जारी

**गुना।** निर्वाचन आयोग भारत द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (Special Intensive Revision – SIR) अभियान की प्रक्रिया मध्यप्रदेश में प्रारंभ की गई है। इस अभियान के अंतर्गत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जा रहा है।अभियान के दौरान प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी (BLO) मतदाताओं के निवास पर जाकर उनके नाम, पता, आयु एवं अन्य विवरणों का भौतिक सत्यापन कर रहे हैं। इसी क्रम में विधानसभा बमोरी क्षेत्र में एसआईआर कार्य एवं ईएफ फार्म वितरण का कार्य सतत रूप से जारी है।
अभियान की प्रगति का जायजा लेने हेतु सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीदार श देवदत्त गोलिया द्वारा विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ को मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं नये पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने का कार्य गंभीरता एवं पारदर्शिता से करने के निर्देश दिए। अभियान के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी पात्र मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे और मतदाता सूची पूर्णतः अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाई जा सके।

### राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रयासों से मुस्कुराया हिमांशु का बचपन

**गुना।** कलेक्टर श किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (RBSK) के अंतर्गत जन्मजात विकृतियों से ग्रसित बच्चों की पहचान और उपचार का कार्य लगातार जारी है।इसी क्रम में बमोरी ब्लॉक की आरबीएसके टीम-ए के डॉक्टर नीरज भदौरिया के मानवीय प्रयासों से 6 वर्षीय हिमांशु प्रजापति, निवासी ग्राम हीरामन बमोरी, को मिली नई जिंदगी। नियमित स्वास्थ्य जांच के दौरान डॉ. भदौरिया ने हिमांशु की हृदय की धड़कन में असामान्यता महसूस की और हृदय रोग के लक्षण पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की।मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी कुमार के निर्देशन में बच्चे का रेफरल कार्ड बनाकर जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र (DEIC) गुना भेजा गया। वहाँ जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक विनीता सोनी द्वारा विस्तृत जांच के उपरांत बालक को अपोलो हॉस्पिटल, इंदौर रेफर किया गया, जहाँ डॉक्टरों ने हिमांशु का सफल हृदय ऑपरेशन किया। अब हिमांशु पूरी तरह स्वस्थ है और सामान्य जीवन जी रहा है।



**1.8 किलोमीटर लंबे परिक्रमा पथ पर होंगे धार्मिक धरोहर के दर्शन**

# महाकाल लोक की तर्ज पर शहर में बनेगा टेकरी का 'दिव्य दरबार'

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के सबसे बड़े दार्शनिक और प्राचीन स्थल टेकरी सरकार मंदिर के विकास का खाका अब पूरी तरह खींच लिया गया है। पौने दो किलोमीटर लंबे टेकरी के परिक्रमा पथ पर न केवल श्रद्धालुओं को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि सनातन धर्म की धरोहरों के दर्शन भी यहां किए जा सकेंगे। यहां बताना लाजिमी होगा कि क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया खुद इस पूरे कार्य की मानिटरिंग करेंगे। हाल ही में सिंधिया ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारी एवं जनप्रतिनिधयों की बैठक लेकर इस पूरी योजना को जल्द से जल्द अमलीजामा पहनाने के निर्देश दिए हैं।



### पूरी तरह तैयार हुआ प्रोजेक्ट

बैठक में केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने हनुमान टेकरी मंदिर क्षेत्र के समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। पर्यटन और सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, ऐतिहासिक हनुमान टेकरी को एक विशेष टेकरी सरकार प्रोजेक्ट के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है। परियोजना के तहत टेकरी पर लिफ्ट, चौक, धर्मशाला और श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु अन्य आधुनिक व्यवस्थाएं स्थापित की जाएंगी। इसके साथ ही 1.8 किलोमीटर लंबा भव्य परिक्रमा पथ भी विकसित किया जाएगा। सिंधिया ने कहा कि यह प्रोजेक्ट गुना को धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के रूप विशेष पहचान दिलाएगा।



### नेताओं की राय को मिली तवज्जो

केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि बैठक में उपस्थित सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शहर के समग्र विकास और सौंदर्यीकरण से जुड़ी योजनाओं पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए, जिन्हें विकास योजनाओं में शामिल किया गया। सिंधिया ने कहा कि यह विकास यात्रा केवल परियोजनाओं का विस्तार नहीं, बल्कि जनता और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से शहर को एक नई पहचान देने का प्रयास है।

### यह काम भी होंगे

- शहर के प्रवेश द्वारों को भव्य स्वरूप दिया जाएगा।
- पी.जी. कॉलेज से हेरिटेज रोड तक लगभग 11 किलोमीटर लंबा मार्ग बनेगा।
- दो खंभा से बायपास तक लगभग 12 किलोमीटर सड़क का विस्तार होगा।
- जयस्तंभ चौराहा, हनुमान चौराहा और अंबेडकर चौराहा का सौंदर्यीकरण की जाएगा।
- नागरिक सुविधा बढ़ाने के लिए व्यवस्थित पार्किंग स्थलों का निर्माण किया जाएगा।
- ट्रांसपोर्ट नगर के सामने ऑक्सीजन पार्क का निर्माण शहर को हरित स्वरूप प्रदान करेगा।
- गायत्री मंदिर, रिलायंस पेट्रोल पंप, गोपाल मंदिर और पीजी कॉलेज जैसे प्रमुख स्थलों पर सेल्फी पॉइंट बनाए जाएंगे।
- गुनिया नदी के सौंदर्यीकरण को भी प्राथमिकता में शामिल किया गया है।
- माधव वाटिका (आकाशवाणी केंद्र के सामने) का उन्नयन।

# गणेशपुरा में घटित मारपीट प्रकरण की अब होगी मजिस्ट्रियल जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

26 अक्टूबर को ग्राम गणेशपुरा थाना फतेहगढ़ में हुई घटना, जिसमें घायल रामस्वरूप नागर पुत्र गुलाबचंद नागर की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी, की मजिस्ट्रियल जांच कराई जाएगी।घटना में आरोपियों महेन्द्र नागर पुत्र रामनारायण नागर, जीतेन्द्र पुत्र ओमप्रकाश नागर, कन्हैयालाल पुत्र शंकरलाल नागर, लोकेश, नवीन, हरीश पुत्र कन्हैयालाल नागर, नीतेश व देवेन्द्र पुत्र महेन्द्र नागर, कमलेशबाई पत्नि महेन्द्र नागर, लक्ष्मीबाई पत्नि जीतेन्द्र नागर, हुकुम नागर पुत्र रामनारायण नागर, प्रिंस व गौतम पुत्र राधेश्याम नागर तथा सम्मीबाई पत्नि ओमप्रकाश नागर के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 196 के अंतर्गत इस घटना की मजिस्ट्रियल जांच हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं मजिस्ट्रियल जांच अधिकारी गुना, शिवानी पाण्डे को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।जांच के दौरान निम्न प्रमुख बिंदुओं पर विचार किया जाएगामृतक रामस्वरूप नागर की मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई, घटना के कारण एवं इसके लिए प्रथम दृष्ट्या उत्तरदायी व्यक्ति, मृतक को समय पर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई गई थी या नहीं, ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु आवश्यक सावधानियाँ एवं सुझाव। मजिस्ट्रियल जांच के लिए 19 नवम्बर को दोपहर 12 बजे ग्राम गणेशपुरा तहसील बमोरी तथा 20 नवम्बर को दोपहर 12 बजे गुना में सुनवाई आयोजित की जाएगी। जिन व्यक्तियों को उक्त घटना के संबंध में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष जानकारी है, वे नियत दिनांक एवं स्थान पर उपस्थित होकर अपने साक्ष्य एवं बयान प्रस्तुत कर सकते हैं।



## आईजी ने किया परेड का निरीक्षण, दरबार लगाकर पुलिसकर्मियों की सुनी समस्याएं

**गुना।** ग्वालियर रेंज के आईजी अरविंद सक्सेना का गुना आगमन हुआ। उन्होंने परेड का निरीक्षण करने के उपरांत सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सजग रहने के निर्देश दिए। वहीं दरबार लगाकर पुलिस कर्मियों की समस्याएं भी सुनी। उन्होने कहा कि दिल्ली में हुआ बम धमाकों से अब हमको भी सर्तक रहते पूरी तरह निगरानी रखना है।

## आवेदकों ने विभिन्न समस्याओं से संबंधित 170 आवेदन किए प्रस्तुत




हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक दुबे एवं संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। विभिन्न आवेदकों ने जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य और नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये, जिनके निराकरण के निर्देश दिये गये। इस दौरान लगभग 170 आवेदन नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किये गये। जिनके त्वरित समाधान के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये।कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा अधिक से अधिक लोगों को आधार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो इसके लिए विशेष प्रबंध के निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में आज जनसुनवाई में नागरिकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70+ आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण, एचआईव्ही की जांच सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी गई, जिनका बड़ी संख्या में आवेदकों द्वारा लाभ लिया गया। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

**शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर हरकत में आई यातायात पुलिस**

# चलती बसों को रोका, रोड़ पर खड़े ट्रकों पर किया चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

एसपी अंकित सोनी के निर्देश के बाद एक्टिव हुई यातायात पुलिस ने आधा दर्जन से ज्यादा वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूल किया है। जिन वाहनों पर चालान का चाबुक चलाया गया है, उनमें तीन यात्री बस और पांच ट्रक शामिल हैं। दरअसल यातायात प्रभारी अजयप्रताप सिंह मंगलवार को अपने अमले के साथ अचानक स्थानीय जज्जी बस स्टेंड पहुंचे, जहां उन्होंने सभी बसों के परमिट, फिटनेस सहित सुरक्षा उपकरणों की जांच की। इस दौरान तीन बसों के परमिट में खामियां गईं, जिन पर क्रमशः पांच-पांच हजार रूपये के जुर्माने की कार्रवाई की गई। हालांकि इस तरह की कार्रवाई आमतौर पर परिवहन विभाग द्वारा की जाती है। लेकिन अब इसका जिम्मा भी यातायात पुलिस ने संभाल लिया है।

### बजरंगगढ़ रोड पर बन रही थी की जाम की स्थिति

बस स्टेंड के बाद ट्रेफिक पुलिस बजरंगगढ़ बायपास पर पहुंची, जहां सीमेंट रेक से भरे ट्रकों के अव्यवस्थित खड़े होने से जाम की के हालात बन रहे थे। जाम की सूचना पर यातायात प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे , जहां उन्होंने सबसे पहले जाम खुलवाया और जाम की स्थिति निर्मित करने वाले पांच ट्रकों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत एक-एक हजार के चालान किए गए। इस प्रकार यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए गए कुल 08 वाहनों पर 20 हजार रूपये का जुर्माना मोटर वाहन अधिनियम 1988 के अंतर्गत लगाया गया है।




### इन बसों में मिली खामियां

यातायात पुलिस ने गुना बस स्टैण्ड एवं रोड़ पर जब यात्री बसों का औचक निरीक्षण किया तो इस दौरान वर्षा ट्रेवल्स, गुर्जर ट्रेवल्स एवं कमला ट्रेवल्स की बसों के परमिट सही नहीं पाए गए। इतना ही नहीं इन बसों में अन्य खामियां भी मिलीं। ट्रेफिक पुलिस ने इन सभी तीनों बसों पर पांच-पांच हजार रूपये का चालान किया है।




### हरिभूमि ने उठाया था मुद्दा

शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था को लेकर 'हरिभूमि' ने मुद्दा उठाया था। जिसके बाद हरकत में आई ट्रेफिक पुलिस ने बड़े और भारी वाहनों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। हालांकि अभी भी गुपचुप तरीके से भारी वाहन शहर के भीतर से गुजर रहे हैं, जिस पर लगाम लगाने के लिए ट्रेफिक पुलिस को और अधिक सक्रिय होने की जरूरत महसूस की जा रही है।

### इनका कहना है

इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर रूप से जारी रहेगी। शहर के जिन मार्गों पर सड़क किनारे वाहन पार्क किए जा रहे हैं, उन्हें भी हटवाया जाकर चालानी कार्रवाई की जाएगी।

**-अजयप्रताप सिंह,** ट्रेफिक प्रभारी गुना।

## समाचार संक्षेप

### गुरुकुल स्कूल गुना में राष्ट्रीय ऋषि श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी की जन्म जयंती मनाई




**गुना।** गुरुकुल स्कूल गुना में राष्ट्रऋषि एवं स्वदेशी जागरण मंच, भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ के शिल्पकार श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी जी की जन्म जयंती पर स्वदेशी जागरण मंच जिला गुना द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के चित्र पर माल्यार्पण गोपाल स्वर्णकार विभाग संपर्क प्रमुख RRS द्वारा किया गया साथ ही उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को अपने जीवन में इन ऋषियों से प्रेरणा लेकर समाज हित में कार्य करना चाहिए। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत सह प्रचार प्रमुख प्रमोद दुबे श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं स्वदेशी, स्वाबलंबन पर कार्यकर्ता से चर्चा की मजदूर संघ के प्रांतीय अधिकारी धर्मस्वरूप भार्गव ने आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी के माध्यम से ही बनाया जा सकता है इस पर प्रकाश डाला कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय तिवारी ने की अंत में आभार हरीश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में स्वदेशी के कार्यकर्ताओं के साथ में स्कूल स्टाफ एवं गुना गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### मान सरोवर कॉम्पलेक्स के व्यापारियों ने बिजली की समस्या को लेकर कलेक्टर को दिया ज्ञापन



**गुना।** अनुराधा गली में स्थित मानसरोवर कांप्लेक्स में लाइट की समस्याओं से परेशान सभी व्यापारियों ने MPEB से प्रत्येक दुकान में स्थाई कनेक्शन देनी को लेकर जिला कलेक्टर को सभी व्यापारियों ने मिलकर इस समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए कलेक्टर से मांग की है कि हम सभी व्यापारियों को अपनी अपनी दुकानों के लिए स्थाई कनेक्शन की मांग की है मानसरोवर कांप्लेक्स में लगभग चार पांच वर्ष से दुकानें संचालित हो रही है परंतु अभी तक लाइट की समस्या बरकरार है हम सभी दुकानदारो को काम्पलेक्स मालिक द्वारा यह कहकर लाईट कनेक्शन दिया गया था की 4 से 6 महिने में डी.पी. लग जायेगी और आप सभी दुकानदारो को स्थाई कनेक्शन दे दिया जायेगा। लेकिन आज दिनांक तक न तो डी.पी. लगवाई गई और न ही हम लोगो को पृथक-पृथक कनेक्शन नहीं दिया गया और हम सभी दुकानदार लाखो रू. लगाकर जो स्वंय का एवं लोन का पैसा लगाकर दुकानो को संचलित कर रहे है। लेकिन हर महिने मीटर ओवरलोड होने के कारण मीटर जल जाता है जिसके कारण हम लोगो को लगातार हानि पर हानि हो रही है हम सभी दुकानदारो की नुकसान सहने की शाक्ति खत्म हो चुकी है। इसलिए जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर इस समस्या को खत्म करने के लिए ज्ञापन दिया गया बड़ी संख्या में सभी दुकानदार उपस्थित रहे।

## समय सीमा बैठक संपन्न, कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश

# रांची में जिले की नवाचारी पहलें रहीं आकर्षण का केंद्र, कलेक्टर ने साझा किए अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना




कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समय सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।बैठक की शुरुआत में कलेक्टर श्री कन्याल ने रांची में आयोजित 'सुपर 60 क्षेत्रीय सेमिनार' में गुना जिले की सहभागिता की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया सेमिनार में जिले की नवाचारी पहलें फायरफाइटर मोबाइल कोर्ट, जिज्जी की पंचायत रेस्टोरेंट, गुना के गुलाब एवं थाई पिंक अमरूद की जानकारी दी। जिसमें जिज्जी की पंचायत प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। उन्होंने बताया कि आगामी 18 नवम्बर जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के जल संचय जन भागीदारी अभियान में उत्कर्ष प्रदर्शन करने पर दिल्ली में आयोजित होने वाले अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम में गुना जिले से सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक दुबे एवं सीएमओ गुना सुश्री मंजूषा खत्री उपस्थित रहेंगे। गुना जिला एकमात्र जिला है जिसको दो अवार्ड मिल रहे हैं। कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा नीति आयोग, जनजातीय कार्य विभाग एवं उद्यानिकी विभाग में गुना जिले के लिए कार्य के व्यापक अवसर हैं। कृषि विभाग को किसानों को पराली नहीं जलाने हेतु प्रेरित करने एवं सुपर सीडर और हैप्पी सीडर के उपयोग को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कुछ प्रकरणों को पढ़कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए तथा नगर पालिका सीएमओ को डॉग कैचर की व्यवस्था सुदृढ़ करने को कहा। कलेक्टर श्री कन्याल ने अधिकारियों से कहा ऐसा वातावरण तैयार करें जिससे नागरिक सीधे प्रशासन से जुड़कर अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान प्राप्त कर सकें।

### समाधान योजना 2025-26 के अंतर्गत विद्युत बिल बकायादार उपभोक्ताओं को दी जाएगी राहत

**गुना।** राज्य शासन के ऊर्जा विभाग द्वारा विद्युत बिल बकायादार उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से ₹समाधान योजना 2025-26₹ प्रारंभ की गई है। इस योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 03 नवम्बर 2025 को भोपाल में किया गया। योजना का संचालन राज्य की तीनों वितरण कंपनियों- मध्य, पूर्व एवं पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा किया। यह योजना 03 नवम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक दो चरणों में लागू रहेगी। प्रथम चरण (03 नवम्बर से 31 दिसम्बर 2025) विलंबित भुगतान अधिभार (**DPS**) में 60% से 100% तक छूट। द्वितीय चरण (01 जनवरी से 28 फरवरी 2026): छूट 50% से 90% तक।

## जिला जेल गुना में बंदियों के लिए किया मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुना अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह 2025के अंतर्गत जिला जेल गुना में विधिक जागरूकता शिविर वंदना त्रिपाठी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना मे किया गया। जहां पर बंदियों को उनके अधिकारों तथा निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी गई। इसके साथ ही मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण करवाया गया, जिसके लिये जिला चिकित्सालय गुना से डॉ. आर.एस. भाटी मनोरोग विशेषज्ञ तथा नर्सिंग आफिसर श्री रामभरोसा जाटव उपस्थित रहे। उक्त शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुरेश बारगीया तथा श्री चेतन बजाड़ भी उपस्थित रहे। उनके द्वारा प्लीबारगेनिंग, मध्यस्थता तथा निःशुल्क विधिक सहायता संबंधी योजनाओं की जानकारी दी गई। उपजेल चांचौड़ा जिला गुना में भी बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिये चिकित्सक दल नियुक्त किया गया। जिनके द्वारा बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी चांचौड़ा सुश्री प्रियम सेन द्वारा विधिक साक्षरता शिविर आयोजित कर बंदियों को विधिक अधिकारों की जानकारी दी गई।

उक्त जेल निरीक्षण के दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना वंदना त्रिपाठी द्वारा समस्त पुरूष बंदी बैरक एवं महिला बंदी बैरक का निरीक्षण कर बंदियों के खान पान, पीने के पानी की व्यवस्था, उनके स्वास्थ्य आदि के बारे में जानकारी ली गई।

## हमें गीता स्वाध्याय सत्संग जैसे अवसरों में बिना बुलाए ही जाना चाहिएः हरिदत्त शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना


जैसे सब जगह व्याप्त आकाश अत्यंत सूक्ष्म होने से कहीं भी लिप्त नहीं होता, ऐसे ही सब जगह परिपूर्ण आत्मा किसी भी देह में लिप्त नहीं होता मनुष्य जन्म बहुत कठिनाई से प्राप्त होता है इसलिए हमें मनुष्य जीवन प्राप्त कर निरंतर भगवान का भजन करना चाहिए इससे हमारा सरलता से उद्धार हो। हमें गीता स्वाध्याय सत्संग जैसे अवसरों में बिना बुलाए जाना चाहिए।बिना सत्संग के विवेक उत्पन्न नहीं होता अविवेक के कारण लोग अनुचित कार्य करते है।



उक्त आशय के विचार गीतास्वाध्याय में गीता जी के 13 अध्याय के 23 वे श्लोक से विवेचना करते हुए हरि दत्त शर्मा ने प्रभु दयाल खंडेलवाल के निवास पर आयोजित गीता स्वाध्याय में व्यक्त किया। राम शंकर दुबे ने प्रेरणादायक प्रस्तुतियां प्रदान करते हुए गीता भजन एवं सूक्ति प्रस्तुत की। सुभाषित श्री रामस्वरूप सेन ने प्रस्तुत करते हुए कहा की सुगंधित पुष्प की खुशबू हवा की दिशा में जाती है इसी प्रकार ईश्वर के भक्ति साधक में भी भक्ति की सुगंध आती रहती है एवं अमृत वचन साकेत रघुवंशी ने प्रस्तुत किया आगामी रविवारीय गीत ।स्वाध्याय भार्गव कॉलोनी स्थित पीली कोठी पर सायं 4 बजे से आयोजित किया जाएगा इसके यजमान प्रभाकर भार्गव ने सभी गीत प्रेमियों से स्वाध्याय में शामिल होने का आग्रह किया है। उनकी ओर से अगवानी पंडित मनोज शर्मा द्वारा की गई। स्वाध्याय में आशा खण्डेलवाल, नीता खण्डेलवाल, शशि खण्डेलवाल, शिवानी खण्डेलवाल, बुंदेलसिंह यादव, चंद्रमोहन अग्रवाल, केशव बैरागी, सहित नियमित स्वाध्यायियों ने सहभागिता की।

# चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष ने वार्षिक विमान महोत्सव के सफल होने पर माना आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन



नगर में बार्षिक विमान महोत्सव के साआनंद एवं सफल आयोजन के लिए स्थानीय श्री आदिनाथ ट्रस्ट कमेटी के साथ चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष मिंदुलाल जैन बाखर द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। जैसा कि बिदित है कि सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वधान एवं संयोजन में इस वर्ष भी परम पूज्य गुरुदेव 108 श्री दुर्लभ सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में वार्षिक जैन विमान महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ निकाले गए। दो दिवसीय विमान महोत्सव दिवस में उत्साह उमंग के साथ धर्म अध्यात्मिकता की धूम रही बही इस आयोजन को सफल बनाने के लिए जैन समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने संपूर्ण ऊर्जा के साथ समर्पित रहा और अपने स्तर पर सभी ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका के साथ योगदान दिया समस्त जैन समाज के कार्यकर्ताओं द्वारा अभूतपूर्व तैयारियों के साथ आयोजन को पूर्ण भव्यता के साथ सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया गया।

जिसमें युवा वर्ग द्वारा नगर की साज सज्जा के साथ-साथ दो दिवसीय महामहोत्सव में पधारे अतिथियों के लिए आवास भोजन सत्कार की व्यवस्थाएं त्यागी वृत्तियों के लिए शुद्ध आहार के साथ-साथ वर्धमान परिसर में चल रहे णमोकार महामंडल विधान को भी पूर्ण श्रद्धा भक्ति भाव पूर्वक किया गया विमान जी मे रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन समाज के तत्वधान मे किया गया।

अतः समस्त में अपनी उपस्थिति एवं चाहे योग देखकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए श्री आदिनाथ ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष विजय कुमार डोडिया ने समस्त कमेटी के सदस्यो के साथ चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष मिंदुलाल बाखर ने समस्त कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया समस्त जानकारी के के सरकार द्वारा दी गयी।

## दिगंबर जैन महिला समिति ने सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

# पंच कल्याणक में भगवान के माता-पिता एवं सभी पात्रों की गोद भराई कराई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

आगामी पंचकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति द्वारा माता-पिता बनने जा रहे चक्रवर्ती परिवार राकेश अमरोद एवं अनीता जैन की गोद भराई की रस्म अत्यंत श्रद्धा, उल्लास एवं भव्यता के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर महिला महासमिति परिवार ने माता-पिता सहित सभी मुख्य पात्रों सौधर्म इंद्र, सत्येंद्र, बाहुबली, कुबेर आदि का गोद भराई एवं सम्मान समारोह भी बड़े हर्षोल्लास से आयोजित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। चित्र अनावरण संयोजिका इंदु गांधी, अध्यक्ष सुनीता चैधरी, महामंत्री नम्रता बड़कुल, कोषाध्यक्ष विभा मोदी, युवा प्रकोष्ठ प्रमुख बॉबी सिंघई, महिला प्रकोष्ठ प्रमुख नीतू मुंद्रा, तथा सह मंत्री ज्योति गुरु के द्वारा किया गया। दीप प्रज्ज्वलन का सौभाग्य सुषमा अजमेरा एवं साधना जैन को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का मंगलाचरण पायल जैन, वर्षा जैन एवं समूह द्वारा किया गया। स्वागत गीत की प्रस्तुति इंदिरा पाली, सुधा जैन एवं सरला बंसल ने दी। कार्यक्रम के दौरान माता का सोलह सिंगार एवं विभिन्न नाट्य प्रस्तुतियाँ आकर्षण का केंद्र रहीं।

कार्यक्रम के दौरान माता का सोलह सिंगार एवं विभिन्न नाट्य प्रस्तुतियाँ आकर्षण का केंद्र रहीं। श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति द्वारा गोद भराई का कार्यक्रम जिसमें संचालन का कार्य भूतपूर्व अध्यक्ष सपना अजमेरा एवं प्रीति भंडारी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में पंचकल्याणक महोत्सव मनाया गया। जिसमें हमने जिसमें माता-पिता सो धर्म इंद्र इंद्राणी कब जितने भी मुख्य पात्र हैं। सभी का सम्मान किया गया। मंगलाचरण के साथ शुभारंभ किया जिसमें स्वागत गीत एवं माता की गोद भराई में नृत्य की प्रस्तुति दी गई प्रियंका जैन के द्वारा बहुत सुंदर तरीके से जैन धार्मिक तंबोला खिलाया गया। बहुत सुंदर तरीके से शादे का प्रोग्राम भी रखा था जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया प्रथम स्थान पर मंजू जैन, द्वितीय दीप्ति जैन, तृतीय ऋतु जैन द्वारा बाकी सभी को सातवां पुरस्कार से सम्मानित किया गया। किसी कार्यक्रम के बीच में हमारे भारती सोगानी द्वारा प्रश्न मंच किया गया। बहुत सुंदर तरीके से अंत में हमने पंचकल्याणक में माता की गोद भराई की। जिसमें बहुत सुंदर तरीके से बहनों ने सहयोग किया। आभार इंद्रा पाली, सुरभि, सुधा, नंदा, अनीता,विनीता, संगीता, नीलम, आशी मिर्ची, पायल और रानी सिंह, सविता पंसारी आदि महिलाएं उपस्थित रहीं। महिला महासमिति की सभी बहनों ने क्रमवार माता-पिता की गोद भराई की रस्म अदा की। समारोह जैन भवन में हर्ष, भक्ति और मातृत्व भाव से ओत-प्रोत वातावरण में सम्पन्न हुआ। अंत में अतिथियों एवं सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभा समापन किया।



### श्रीराम सिद्धकला परिषद की रामलीला में राम को हुआ 14 वर्ष का वनवास

**अशोकनगर।** श्री राम सिद्ध कला परिषद द्वारा की जा रही राम लीला के सातवें दिन राम वनबास का दृश्य दिखाया गया। परिषद के सचिव पीयूष पाराशर ने बताया कि जब प्रभु श्री राम जी ने पिता की आज्ञा से वन गमन किया। तब वन में उनकी भेट निषाद राज जी से हुई। राम लीला में लक्ष्मण निषाद सम्वाद दिखाया गया। राम जी के वियोग में राजा दशरथ ने अपने प्राण त्याग दिए। परिषद के अध्यक्ष शीतल संधू ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ जयमण्डल यादव एवं डॉ हरवीर रघुवंशी रहे। उनके द्वारा रामायण जी की आरती की गई। अतिथियों का स्वागत लीला के निर्देशक अनिल शर्मा द्वारा किया गया रामलीला में राम का अभिनय अमित शर्मा, लक्ष्मण राहुल शर्मा, निषाद ब्रजेश शर्मा, कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय बैरागी, ऋषि त्रिपाठी, पवन शर्मा, लक्ष्मण बघेल, नीरज पटेल, राहुल साहू, प्रमेन्द्र शमार्, दुर्गेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। सेंकड़ों की संख्या मे पधारे श्रद्धालुओं ने देर रात तक भगवान की लीलाओं के मंचन का आनंद लिया।

## राव माधव विद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 10 नवम्बर को ग्वालियर में संभाग स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन बाल भवन, सिटी सेंटर ग्वालियर में किया गया। अशोकनगर के युवाओं ने इसमें अपनी कला का प्रदर्शन किया। कविता लेखन में राहुल तिवारी ने प्रथम एवं चित्रकला प्रतियोगिता में अदिति सोनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार समूह लोकगीत में खुशी बैरागी एंड ग्रुप अशोकनगर ने द्वितीय स्थान एवं सामूहिक लोकनृत्य विद्या में राव माधव हायर सेकेण्डरी विद्यालय एंड ग्रुप अशोकनगर ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। संभाग स्तर पर विजेताओं को राज्य स्तरीय युवा उत्सव में अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होगा।



# सामूहिक राष्ट्रीय गीत का किया वाचन



**ईसागढ़।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था श्री सिद्ध बाबा सोंधना सेवा प्रचार प्रसार समिति शंकरपुर द्वारा वंदे मातरम् राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सेक्टर ढाकोनी के हाई स्कूल कालीटोर में सामूहिक वन्दे मातरमष्राष्ट्रीय गीत का कार्यक्रम किया गया। सबसे पहले मुख्य अतिथि द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्पमाला पहनाकर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को आगे बढाया गया। तत्पश्चयात छात्र छात्राओ और समस्त उपस्थित जनो द्वारा सामूहिक रूप से बंदेमातरम राष्ट्रीय गीत, का बाचन किया गया। इस अवसर पर श्री सिद्ध बाबा सोंधना सेवा प्रचार प्रसार समिति शंकरपुर के अध्यक्ष पन्नालाल आदिवासी एवं सचिव दिनेश कुमार सेन द्वारा राष्ट्रीय गीत के बारे मे सभी को बिस्तृत रूप से समझाया गया। आभार यशवंत आदिवासी द्वारा ब्यक्त किया गया। राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रभारी बहादुर लोधी रहे जिनके सानिध्य में स्कूल का समस्त स्टाफ भी मौजूद रहे।

### बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और आनंदपुर ट्रस्ट के खिलाफ प्रदर्शन किया

**अशोकनगर।** जिले के प्रसिद्ध आनंदपुर ट्रस्ट के खिलाफ कई ग्रामों के ग्रामीण कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। पहले भी उनके द्वारा इस तरह का विरोध प्रदर्शन किया गया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने एक ज्ञापन सौंपा है और कार्यवाही की मांग की है। यह शिकायत ग्राम कालीटोर, सरजापुर, आकलोन, जमडेरा, देवगढ़ शांतपुर, नैथाई , खैराई कुलवार आदि गांव के ग्रामीणों ने सामुहिक रूप से की है। जिसमें सुरेन्द्र महात्वा और प्रीतम भगत पर मनमानी करने और परिजनों को ट्रस्ट में नियुक्त करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले भी इस संबंध में ज्ञापन दिया गया था लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। जमडेरा में जमीन के सीमांकन को लेकर देरी में सवाल उठाया गया है और अशोकनगर के अमले से जांच कराने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिवस के अंदर दोषियों पर कार्यवाही नहीं की गई तो वह धरना प्रर्दशन करने पर मजबूर होगें। कलेक्टर आदित्य सिंह ने उन्हें जांच का आश्वासन दिया है।



# महिला बाल विकास विभाग का मंगल दिवस पर पोषण व स्वास्थ्य जागरुकता आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग चंद्रसेना भिड़े के मार्गदर्शन में मंगलवार को जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर मंगल दिवस के अवसर पर पोषण एवं स्वास्थ्य जागरूकता की श्रृंखला कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस कड़ी में शहर के वार्ड नंबर 10 और 20 स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों पर विशेष पोषण प्रदर्शनी और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें सुपरवाइजर प्रियंका पवार के नेतृत्व में महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रवासियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और पोषण के महत्व के प्रति जागरूक करना था। सुपरवाइजर प्रियंका पवार ने उपस्थित महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि आज के समय में मोटापा एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या बन चुका है, जिसका मूल कारण असंतुलित आहार और शारीरिक गतिविधियों की कमी है। उन्होंने योग, व्यायाम और संतुलित आहार के नियमों को अपनाकर स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा दी और नियमित स्वास्थ्य जांच कराते रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में कुपोषित और कम कुपोषित बच्चों को पोषण बढ़ाने के लिए मोरिंगा पाउडर का घोल पिलाया गया एवं इसका नियमित सेवन करने का आग्रह भी किया गया। साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी से समय-समय पर सरकार द्वारा दी जाने वाली सेवाओं और लाभों का लाभ उठाने पर जोर दिया गया। गर्भवती माताओं को टीकाकरण, नियमित वजन जांच और पोषण संबंधी विशेष दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। जिससे उनकी और शिशुओं की सेहत सुनिश्चित हो सके।कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं के लिए गोद भराई भी आयोजित की गई। जिसमें माताओं को आवश्यक वस्तुएं एवं पोषण सामग्री भी वितरित की गई।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए गए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रिजौदा निवासी महेन्द्र सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कुन्दन, देशराज, सुखवीर, कुन्दन की पत्नी, देशराज की पत्नी ने मेढ़ पटाने की बात पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सेजी निवासी सौरभ ओझा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सागर, आशू, करणवीर रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुंवरपुर निवासी गुडडी बाई लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विपिन, अमित, मोहरसिंह और सनमान लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत रानी मोहल्ला ईसागढ निवासी धनपाल रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राज बाल्मीक, विनय बाल्मीक, गोलू और सोनू केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मक्तनखेड़ी निवासी जगभान सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मुकेश, परमाल और बालकुमारी अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जारौली बुजुर्ग निवासी काशीराम आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भरोसी आदिवासी ने पुराने केस में राजीनामा करने के लिए दबाव बनाया और उससे मारपीट की।

**खबर संक्षेप**

### मर्ग की जांच पर बाईक के अज्ञात चालक पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम अखाई घाट घुरवार रोड़ पर 16 अक्टूबर को अमरचंद पुत्र मन्नूलाल जाटव उम्र 38 साल निवासी अमरौद सददू की बाईक की टक्कर से मौत हो गई थी। उक्त घटना में पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था, मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक अपेक्षित रघुवंशी द्वारा की जा रही थी। उक्त जांच के बाद पुलिस ने बाईक क्रमांक एमपी 33 जेडएफ 3014 के अज्ञात चालक पर मामला दर्ज किया है।

### 14 वर्षीय अपहर्ता को किया दस्तयाब

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मुंगावली उनि. जोगेन्द्र सिंह यादव द्वारा मात्र 08 घण्टे में अपहर्ता को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 09 नबंवर को शाम 07 बजे ग्राम रामनगर मुंगावली निवासी 14 वर्षीय बालिका बिना बताये कहीं चली गई थी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना मुंगावली में अप0क्र0 413/25 धारा धारा 137(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी मुंगावली उनि. जोगेन्द्र सिंह यादव को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी मुंगावली द्वारा अपहर्ता की दस्तयाबी हेतु तत्काल टीम गठित कर रवाना किया।

## पीड़ित ने जनसुनवाई में लगाई न्याय की गुहार

# दंबगों ने दंपती के साथ की मारपीट परिवार पलायन को हुआ मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम शंकरपुर का एक आदिवासी दपंत्ति परिवार एसपी के यहां शिकायत लेकर पहुंचा जिसमें कहा गया है कि दंबंगों ने एक दपंत्ति के साथ मारपीट की और गर्भवती महिला को भी पीटा गया। दंबंगों के डर से यह आदिवासी परिवार गांव से पलायन कर गया है।

मामले की कहानी यह है कि जिस सरकारी जमीन पर जसमन आदिवासी का परिवार रहता है दंबंग उस जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। इसी मामले को लेकर दंबंगों ने आदिवासी परिवार के साथ मारपीट की। जसमन आदिवासी ने बताया कि जिस सरकारी जमीन पर उनका परिवार रहता है उस जमीन पर केतार सिंह यादव कब्जा करना चाहता है जब हमने विरोध किया तो उन्होंने मुझसे मारपीट की और बाद में जब मुझे बचाने मेरी गर्भवती पत्नी आई तो उसके साथ भी मारपीट की गई। उक्त घटना को लेकर चंदेरी पुलिस ने मामला भी दर्ज किया है लेकिन आरोपी अभी भी गिरफत से बाहर है। आरोपी के डर से यह परिवार गांव में नहीं जा रहा है पूरा परिवार एक साथ एसपी के यहां पर शिकायत करने पहुंचा था।



### न्यायालय से स्थगन के बाद भी उनके द्वारा बोई गई गेहूं की फसल को हटाया

जनसुनवाई में बृजभान सिह, सरदार सिह पुत्र रघुनाथ सिह, चंद्रपाल सिंह पुत्र जयराम तुलाराम इन्द्रपाल, सेदपाल पुत्र बुजभान, मलखान सिंह पुत्र गजराज सिंह यादव, कल्यान पुत्र सरदार गोपाल पुत्र सरदार ग्राम बडैरा एवं उसके परिजनो द्वारा आवदेन दिया गया है जिसमें कहा गया है कि न्यायालय से स्थगन होने के वाद आवेदक की भूमी जिसमें गेहू की फसल की बोवनी की जा चुकी थी जिस पर 06 नबंवर को आरोपियों ने हथियारो से लैस होकर व तीन टैक्टर चला कर उनकी बोई गई गेहू की फसल को नष्ट कर दिया व जान से मारने की धमकी दी जा रही है। जिस पर कार्यवाही की मांग की गई है।

### मामला बहादुर थाना में दर्ज होने के बाद कोई कारवाही न होने के संबंध में

फरियादी नारान पिता सुखलाल जाति केवट निवासी खोपरा तहसील बहादुरपुर जिला अशोकनगर ने अपने आवेदन में कहा ह कि वह कुकावली में काम कर दीपावली त्यौहार मनाने के लिए गांव खोपरा अपने घर आया था तभी रात करीब 10:15 बजे अशोक केवट पुत्र राम चरण केवट और उनके साथी विशाल केवट मनोज केवट सौरभ केवट रात को उसके घर आए जब हमारी दोनों बच्चिया राजकुमारी और अंजलि घर का काम कर रहीं थीं। तभी उन्होंने ने छेड़खानी की और अशोक ने उन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिससे उनके माथे में चोट आई और वह बेहोश हो गई। इसके बाद आवाज सुनकर दादी रामबाई आई तब सौरभ केवट ने दादी जी के हाथों में सब्बल से मारा तब दोनों हाथ दादी के टूट गए। उसके बाद दादाजी भी आए दादाजी की दादाजी को कुल्हाड़ी और लाठी मारी। जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई लेकिन हमारे अनुसार मामला दर्ज नहीं किया गया। उन्होंने मांग की है कि घटना के अनुसार मामला दर्ज किया जाए।

### 282 आवेदक कलेक्टर के यहां अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे

मंगलवार को जनसुनवाई के आयोजन में 282 आवेदक कलेक्टर के यहां अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। कलेक्टर द्वारा उन्हे समक्ष में समस्याओं को सुना गया और संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए गए। आवेदकों में ग्राम मुडिया निवासी सुरेन्द्र सिंह यादव द्वारा भूमि के कागजात में नाम दर्ज कराए जाने, ग्राम मोहरी निवासी बैजनाथ लोधी द्वारा नामांकन कराए जाने,ग्राम बर्री निवासी रिंकू राजपूत द्वारा पट्टा के पश्चात कब्जा दिलाए जाने, पिपरई निवासी मधु यादव द्वारा आईडी में सहीं नाम दर्ज कराए जाने,वार्ड क्रमांक 8 मुंगावली निवासी रघुवीर सिंह राय द्वारा रास्ता खुलवाए जाने,ग्राम रूसल्ला निवासी राकेश बाई आदिवासी द्वारा राशन कार्ड का कूपन चालू करवाए जाने, ग्राम बरौदिया निवासी संतराम,तूफानसिंह द्वारा भूमि से वृक्षों को काटने तथा रास्ता उपलब्ध कराए जाने,चंदेरी रोड निवासी तिलकसिंह द्वारा जमीन अधिग्रहण की मुआवजा राशि दिलाए जाने,वार्ड क्रमांक 8 मुंगावली निवासी कपूरीबाई द्वारा संबल कार्ड बनवाए जाने, संबंधी समस्यामूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## शीतकालीन सत्र में विधायक रघुवंशी ने लगाए दो प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर



चन्देरी विधानसभा से विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने आगामी विधानसभा में दो प्रश्न रखे हैं जिसमें अशोकनगर में शरबती गेहूं सुजाता को जीआई टैग प्रदान करने तथा मक्का को भावांतर योजना में शामिल करने संबंधी हैं।

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री से विधायक द्वारा यह जानकारी चाही गई है कि क्या शासन के संज्ञान में है कि अशोकनगर जिले में सुजाता गेहूं विशेष रूप से प्रसिद्ध और उच्च गुणबत्ता वाला है यदि है तो अब तक इस प्रजाति के गेहूं को जीआई टैग प्रदान करने हेतु क्या कार्यवाही की गई। यदि कोई कार्यवाही नहीं की गई तो क्या कारण है क्या भविष्य में सुजाता गेहूं को जीआई टैग प्रदान करने हेतु कोई प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजने की योजना है।

इसी प्रकार मक्का की फसल को भावांतर योजना में शामिल करने के लिए विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने विधानसभा में प्रश्न रखा है। क्या मध्यप्रदेश में इस वर्ष मक्का का रकबा सर्वाधिक रहा है और अतिवर्षा के कारण मक्का की फसल को भारी नुकसान हुआ है तथा वर्तमान में बाजार और मण्डियों में मक्का का मूल्य उत्पादन लागत से कम प्राप्त हो रहा है यदि हां तो शासन किसानों के हित में क्या कार्य कर रही है। क्या किसानों को राहत राशि प्रदान की जाएगी और कब तक दी जाएगी, क्या शासन को इस बात की जानकारी है कि वर्तमान में राज्य की विभिन्न मण्डीयों में मक्का का किसानों को औसतन मूल्य क्या मिल रहा है और उनकी दरें क्या हैं। जब सोयाबीन किसानो को भावांतर भुगतान योजना में शामिल किया गया है तो मक्का किसानों को इस योजना से वंचित क्यो रखा गया है। क्या शासन मक्का किसानों को भी भावांतर भुगतान योजना में सम्मिलित करने पर विचार कर रही है और कब तक शामिल किया जाएगा।

### कल 12 नवंबर को सजेगा टकनेरी में भैरव दरबार श्री भैरवाष्टमी पर होगा आयोजन

**अशोकनगर।** बुधवार को तकनेरी स्थित श्री भैरव मंदिर पर श्री भैरव अष्टमी के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री भैरव पूजन का आयोजन किया गया है। पंडित रामचन्द्र शास्त्री उज्जैन के निर्देशन में कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 11:00 बजे श्री भैरव पूजा एवं भैरव अष्टक पाठ, दोपहर 2:00 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ,शाम 6:00 बजे हर हर महादेव उद्घोष एवं सायं 6:15 पर महाआरती का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति की ओर से डॉ.जयमंडल सिंह यादव, एडवोकेट अनिल सिल्वरी (हैदराबाद),विकास शर्मा, अभिषेक पाराशर (दिल्ली), जितेंद्र यादव (लखनऊ), गिरिजा शंकर उपाध्याय (ग्वालियर) डॉ.हरवीर सिंह रघुवंशी (अशोकनगर), संदीप यादव (गुड़गांव) की ओर से सभी भक्तगणों से कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की गई है।

## विधिक सेवा सप्ताह के तहत बच्चों को यौन शोषण के संबंध में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

मंगलवार को सेंट थॉमस स्कूल अशोकनगर एवं पॉलीटेक्निक कॉलेज अशोकनगर में नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं एवं उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवा) योजना, 2015, नालसा (तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं) योजना, 2015 एवं नालसा (एसिड हमले के पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं) योजना, 2015 अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

न्याय उत्सव के इस चरण में विश्व शिक्षा दिवस की उपलक्ष्य में विभिन्न स्कूलों एवं संस्थानों में कार्यक्रम का आयोजन किया जाना था जिसके तहत सर्वप्रथम सेंट थॉमस स्कूल में वैदिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला न्यायाधीश राकेश कुमार पाटीदार ने भाग लिया। उन्होंने उपस्थित बच्चों को कानून के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उनके अधिकार उनके कर्तव्य आदि पर विशेष चर्चा में भाग लिया। सेंट थॉमस में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं को भी शांत किया। कार्यक्रम की दूसरी चरण में शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जलन हदीस राजेश कुमार पाटीदार न्यायाधीश शुभम द्विवेदी ने बच्चों को विभिन्न कानूनी पहलुओं पर जानकारी दी।

उक्त शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को गुड टच, बैड टच और पॉक्सो एक्ट के संबंध में जानकारी दी और बताया कि गुड टच वह स्पर्श है जो प्यार और सुरक्षा का अहसास कराता है, जैसे माता-पिता का गले लगाना, शिक्षक का सिर पर हाथ फेरना एवं बैड टच वह स्पर्ष है जो असहजता, डर और शर्मिंदगी



जैसे- अनचाहा स्पर्ष, गलत इरादों से छूना। साथ ही पॉक्सो एक्ट के संबंध में बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी प्रकार का गलत व्यवहार होने पर तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षक या 1098 चाईल्ड हेल्प लाईन नंबर एवं पुलिस को सूचित करें। साथ ही छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया के कानूनी दुष्परिणाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि अपने दैनिक दिनचर्या एवं पारिवारिक निजी जीवन में जितना हो सके स्मार्ट फोन से दूर रहकर अपने परिजनों के साथ अच्छा समय व्यतीत करे और अपने पढ़ाई पर फोकस करे। बच्चों को फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नेपचैट में अनजान लड़के-लड़कियां एक दूसरे से दोस्ती कर मेल-मुलाकात करते हैं और बाद में दुखद घटना का शिकार हो जाते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय एवं कॉलेज स्टॉफ एवं उपस्थित बच्चों को 15100 हेल्पलाईन नंबर के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। जिला विधिक सहायता अधिकारी ने न्याय उत्सव की संपूर्ण रूपरेखा भी उपस्थित विद्यार्थियों को बताई। जिसमें 9 नवंबर को न्याय दिवस से लेकर 14 नवंबर तक होने वाले विधिक साक्षरता एवं जागरूकता सप्ताह के बारे में जानकारी दी।

## नाली पर नहीं लगाए जाल वाहन चालक हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाढौरा

स्थानीय बार्ड नबंर 13 व 14 के बीच में बनिया कुएं के पास दिल्लू किराना एंव कपील किराना की दुकान के सामने लापरवाही पूर्वक बनाई गई चोडी नाली से लोग परेशान है चोडी नाली होने के चलते रात-बिरात फंस कर बाहन गिर रहे है।

वही नगर परिषद की अनदेखी के कारण गली-मोहल्लों की सड़कों पर बनी चैड़ी नालियों से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तीन चार महीना पहले सडक निर्माण किया गया था सडक निर्माण के दौरान नाली को सकरा बनाने बजाय लापरवाह पूर्वक चोडा बना दिया गया है जिसमें रात मे नाली में फंस कर रात - बिरात बच्चे व बूडे गिरकर घायल हो रहे है तीन माह से अधिक गुजर जाने के बावजूद भी आज तक नालियों पर जालीयां नही लगाई गई। आए दिन मोहल्ले मे साईकिल से घूमने बाले बच्चे इसमे गिरकर घायल हो रहे है बा वाहन चालक फंसकर आए दिन गिरते रहते हैं। वही चैडी नाली के पास दो किराने की दुकान भी है जंहा छोटे - छोटे बच्चो का आना - जाना लगा रहता है यह स्टेशन जाने व माता मंदिर जाने का आम रास्ता है। इस



मार्ग से दिनभर चार पहिया और दो पहिया वाहनों का आना- जाना लगा रहता है। चैड़ी नाली से आए दिन लोग तो परेशान हो ही रहे हें,वहीं ऐसे में रोजाना शाढौरा नगरपरिषद कचरा वाहन इस नाली में फंसकर निकलते है कभी कभी तो टैक्टर व चार पहीया बाहन इतने बुरे फंसते है , जिसे भारी मशक्कत के बाद निकाला जाता है। वहीं दोपाहिया वाहन एवं साईकिल से स्कूल आने-जाने बच्चे इन चोडी नाली फंसकर चोटिल हो जाते है चैड़ी नाली पर जाली न होने से यह लोगों के परेशानी का कारण बनी हुई है।

## भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के 4 दिवसीय कार्यक्रमों की शुरूआत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर के भारतीय ज्ञान परंपरा के तत्वाधान में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वी जयंती वर्ष के उपलक्ष में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में 11 से 14 नबंवर तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। जिसका शुभारंभ महाविद्यालय में 11 नवंबर को प्रातः 12रू00 बजे किया गया ।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रेनू राजेशए विशेष अतिथि के रूप में जयप्रकाश अहिरवार विभाग अध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग एवं रीना बसोनिया विभाग अध्यक्ष इतिहास विभाग रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर फूलो का हार चढ़ाकर किया। मुख्य अतिथि डॉ रेनू राजेश ने अपने उद्बोधन में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जीवन संघर्षए अंग्रेजों की शोषणकारी नीति के विरोध में उनके चलाए गए उलगुलान आंदोलन के विषय में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि डॉक्टर जयप्रकाश अहिरवार विभाग अध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें महापुरुषों को पढ़ना चाहिए उनके विचारों को समझना चाहिए जो व्यक्ति इतिहास को जानता है वही इतिहास बना सकता है। कार्यक्रम का संचालन डॉण विजय सिंह सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान प्रभारी भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ ने किया। कार्यक्रम के उपरांत जनजाति गौरव दिवस के उपलक्ष में धरती आबा भगवान बिरसा के जीवन संघर्ष एवं विचारों पर निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी तरह आगामी कार्यक्रम में 12 को चित्रकला प्रतियोगिताए 13 को प्रश्न मंच प्रतियोगिताए 14 को व्यक्तिगत ध्सामूहिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किया जाएगा। पधारे हुए अतिथियों का आभार प्रदर्शन डॉ राजकुमार जाट अतिथि विद्धान ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय से रश्मि कुर्मीए डॉ रेखा शर्माए अरविंद कौशिकए गायत्री नामदेवए डॉ अंजना गुप्ता आदि महाविद्यालय के स्टाफ एवं सखी केवट ए शिवानी अहिरवारए मुस्कान राजपूतए रवीना कुशवाहाए पूजा कुशवाहा विशाल कुशवाहा विश्ववीर भंडारीए सानिया मिरदाए आदि 90 छात्र.छात्राओं ने भागीदारी की।

### अस्पताल में अनैतिक कृत्य के 2 मामले

## पुलिस ने एक मामले में जीजा को दूसरे मामले में पति को किया गिरफ्तार





**अशोकनगर।** स्थानीय जिला अस्पताल भवन और परिसर में दिन और रात की दो वीडियों अनैतिक कृत्य को लेकर वायरल हुईं थीं। इन दोनों मामलों को लेकर जिले भर में जिला अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था और अनैतिक कृत्यों को लेकर सवाल उठे थे। उक्त मामले में पुलिस ने अस्पताल के सहायक प्रबंधक डॉक्टर संदीप जैन की रिपोर्ट पर से अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया था। सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर पुलिस ने उक्त शर्मनाक अनैतिक कृत्य में शामिल दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उन पर जेल भेजने की कार्यवाही की गई है।

सिटी कौतवाली के टीआई रविप्रताप सिंह चैहान ने बताया कि जो वीडियों फुटेज सामने आए थे उनमें दो अलग अलग घटनाएं थीं एक घटना रात की है और दूसरा मामला जो पार्क के अन्दर का है वह दिन का है। उन्होंने बताया कि जो रात का वीडियो है उसमें पति पत्नि है जो अस्पताल भवन के अन्दर अनैतिक कृत्य कर रहे थे और दूसरा वीडियो पार्क के अन्दर का है जिसमें जीजा साली हैं। साली अशोकनगर के ग्रामीण अंचल की है और जीजा मुंगावली का है। पुलिस ने उक्त दोनों वीडियों फुटेज के आधार पर अनैतिक कृत्य करने वाले दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके विरूद्ध जेल भेजने की कार्यवाही की है।

### 16 नवम्बर को होगा शिलान्यास समारोह का आयोजन

# 'दुनियां में गरीब बने रहो, भगवान के द्वार पर अमीरी दिखाना'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने अतिशय क्षेत्र थूवोनजी में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि अमीरी दिखाना है तो भगवान को अमीरी दिखाना, दुनिया में गरीब बने रहो लेकिन भगवान के दरवाजे जाओ तो अमीर वनकर जाना। भगवान को अपनी अमीरी दिखाना भगवान अंतरयामी है वे सब जानते हैं दुनिया में कहीं भी अमीरी दिखाई तो तुम लुट जाओग। पड़ोसी को अमीरी दिखाई तो सबसे पहले पड़ोसी ही दुश्मन बन जायेगा। पड़ोसी के समाने ग़रीब बनकर रहने में ही मज़ा है उसे ऊपरी जानकारी होना चाहिए और भीतरी जानकारी सिर्फ प्रभु को होना चाहिए। वह तुम्हारे मन की बात को जानते हैं फिर जैसा भी हो हमें भगवान के समाने अमीर बनकर ही रहना है। तुम अमीर नहीं भी होंगे तो एक दिन ऐसा आयेगा कि तुम अमीर बन जाओगे यह अमीर बनने की सबसे सरलविधि है।





### सृष्टि नहीं दृष्टि बदलना है, हमारी उम्मीद है कि दुनिया सुधर जाएगी

उन्होंने कहा कि सृष्टि नहीं दृष्टि वदलना है हमारी उम्मीद है कि द्रुनिया सुधर जाएगी। द्रुनिया सुधरने वाली नहीं है तुमने कहा कि गुटखा तंबाकू मत खाओ तो सामने वाला जरुर खायेगा, तुम्हारे सामने किसी व्यक्ति ने दूसरे को थप्पड़ मार दिया तुमने कहा कि एक और चिपका दें फिर सामने वाला कहेगा तू मुझे बतायेगा। नहीं मारूंगा तो ये द्रुनिया ऐसी ही है। तुम द्रुनिया को अपने हिसाब से चलाने की मत सोचना। द्रुनिया चल रही है उसे चलने दो। द्रुनिया में जो वायरस फैलाये जातें हैं उसे समाप्त करना आसान है उसे हम बहुत जल्दी कंट्रोल कर लेते हैं लेकिन जो बीमारी स्वयं ही उत्पादित होती है उसे दूर करना कठिन होता है। तुम द्रुनिया की बुराई मत देखो द्रुनिया के गुण देखो। धर्म शास्त्रों में लिखा है कि हमें किसी की बुराईयां नहीं देखना है और अपने गुणों को ढांकना है। बड़ी मेहनत से कुछ गुण प्राप्त किये है उन्हें अनदेखा कर दो।

### 16 नवबंर को होगा नवीन जिनालयों का भव्य शिलान्यास समारोह

इस दौरान क्षेत्र कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि वर्षो की प्रतीक्षा और लगा तार प्रयास के बाद मध्य भारत के सबसे बड़े तीर्थ क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण तीर्थ चक्रवर्ती राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ससंघ क्षुल्लक श्री गम्भीर सागर जी महाराज क्षुल्लक श्री वरिष्ठ सागर जी महाराज क्षुल्लक श्री विदेह सागर जी महाराज ससंघ एवं वाल ब्रह्मचारी प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भइया निर्देशन में श्री दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में भव्य पाषाण से निर्मित पंचमुखीविशाल जिनालयों एवं सिंह द्वार के साथ ही श्री नन्दीश्वर दीप के 52 जिनालयों का शिलान्यास 16 नवम्बर को पूरे विधि-विधान के साथ परम पूज्य गुरुदेव के सान्निध्य में सम्पन्न होगा। यहां सौभाग्य भी पुण्यशाली परिवार को मिलेगा जिनकी स्वीकृति पूर्व से ही घोषित है।

### हमें एक छोटी सी सफलता मिल जाए तो नाचने लगते हैं

हमें एक छोटी सी सफलता मिल जाए तो हम नाचने लग जाते हैं बहुत भारी खुशियां मनाते हैं। कोई व्यक्ति अपनी छोटी सी सफलता पर उत्सव करने लगता है। एक धनवान व्यक्ति से हम कहें आप तो बहुत अमीर आदमी है तो धनवान व्यक्ति कहता है अरे भ इया कहा है पैसा काम चला रहे हैं। धनी व्यक्ति कभी अपने धन को बताता नहीं तब वह धन की सुरक्षा कर पाता है। ऐसे ही हमें अपने गुणों को ढांकना है किसी को नहीं बताना है। अपनी दृष्टि में कितने भी गुण आ जाएं किसी को बताना नहीं है। विष्णु कुमार महाराज से कहा कि आपको तमाम रिद्धियां है तो वह कहते हैं भइया मैं तो छोटा-सा महाराज हूं मेरे पास कुछ नहीं है वे अपने आप को बहुत लघु बताते हैं जिसकी दृष्टि में अमीरी आ गई तो समझ लेना कि अब कंगाली आने वाली है। दुश्मन को कभी अमीरी मत दिखाना रिस्तेदारो को अमीरी नहीं, सरकार को अमीरी नहीं, पत्नी को अमीरी नहीं, पत्नी को अमीरी दिखाई तो वह तत्काल आपको पर्ची पकड़ा देंगी जाओ और सामान ले आओ।

डीजीएम क्षेत्रे बोले - राजस्व न मिलने से नहीं हो रहा उन्नयन, फिर भी 2 दिन सप्लाई होगी बिजली

# चाठा सब स्टेशन पर करोड़ों का राजस्व बकाया किसानों ने किया मात्र 1 प्रतिशत का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा



पिछले कई दिनों से चाठा सब स्टेशन पर बनी बिजली की समस्या से जुड़े किसानों को लेकर कांग्रेस ने कई बार बिजली विभाग के खिलाफ धरना व आंदोलन किए। जिसमें समस्या के समाधान और बिजली सप्लाय को सुधारने का की बात करते हुए अधिकारियों ने ही धरना खत्म करवाया परंतु अभी भी चाठा सब स्टेशन पर स्थिती जस की तस बनी हुई है।

विद्युत विभाग के डीजीएम का साफ कहना है कि इस सब स्टेशन से जुड़े लगभग 3250 विद्युत उपभोक्ताओं में से मात्र 125 ने ही बिजली बिलों का भुगतान किया है जो कि कुल राजस्व का 1 प्रतिशत है जो नाकाफी है। उपमहाप्रबंधक क्षेत्रे ने साफ शब्दों में बोला की यदि राजस्व नहीं मिल पाएगा तो हम इस स्थिती को ज्यादा बेहतर नहीं कर पाएंगे। जिससे किसानों को मिलने वाली लाइट में लगातार व्यवधान बना हुआ है जिसको हम आने वाले दिनों में बेहतर करने के लिए प्रयासरत है।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने कलेक्टर से की शिकायत

क्षेत्र के किसानों की फसलों को ध्यान में रखते हुए जहां जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया लगातर विद्युत सप्लाय ठीक करने के लिए प्रयासरत है इसी क्रम में मंगलवार को वह कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा से मिले जिसमें चाठा सब स्टेशन से जुडे किसानों को बिजली सप्लाय न मिल पाने को लेकर शिकायत दर्ज करवाई है और उसके समाधान की मांग की है। उल्लेखनीय है कि इसी बात को लेकर 9 नवंबर को किसानों ने जाम लगाकर विरोध प्रर्दशन भी किया था।

### किसान व घरेलु 3250 उपभोक्ताओं पर 5 करोड़ 25 लाख का राजस्व बकाया

चाठा सब स्टेशन से संबंधित किसानों पर करोड़ों का राजस्व बकाया होने के कारण बिजली सप्लाय न होने जैसी स्थिती निर्मित हो रही है। डीजीएम का कहना है कि चाठा सब स्टेशन से जुडे किसान व घरेलु 3250 उपभोक्ताओं पर 5 करोड 25 लाख का राजस्व बकाया है जिसमें से 6 लाख की राशि मंगलवार शाम तक जमा की हुई है जो कि कुल राजस्व का लगभग 1 प्रतिशत है। यदि सब स्टेशन के उपभोक्ताओं की ओर से 20 प्रतिशत भी राजस्व जमा हुआ होता तो इस परेशानी से बचा जा सकता था परंतु स्थिती को समझते हुए हमने प्रपोजल भेज दिया है और आने बाले एक दो दिन में हम चाठा सब स्टेशन के किसानों को बिजली सप्लाय की जावेगी।

'संवाद से समाधान' के तहत कलेक्टर ने लापरवाहों पर गिराई गाज

# बोड़ा नप एआरआई सस्पेंड, 2 लेखापालों की वेतनवृद्धि रोकी



**राजगढ़।** जिलाधीश डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा हर मंगलवार 'संवाद से समाधान' कार्यक्रम शुरू किया गया है जिसमें किसी एक विभाग की पांच शिकायतों का चयन कर विभागीय अधिकारी, कर्मचारी व संबंधित शिकायतकर्ता को बैठाकर समस्या का समाधान व दोषियों पर कार्यवाही की।

इसी कड़ी में कल नगरीय विकास एवं आवास विभाग की 5 शिकायतों की समीक्षा की गई। बोड़ा नगर परिषद के शिकायतकर्ता कन्हैयालाल सेन ने बताया कि उनके द्वारा उनके स्वामित्व के तीनों मकानों का नक्शा बनाने हेतु बोड़ा नप कार्यालय में आवेदन दिया गया लेकिन उस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इस पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बोड़ा नगर परिषद के सहायक राजस्व निरीक्षक देवकरण यादव को सस्पेंड करने के निर्देश प्रदान किए। पचोर निकाय की एक शिकायत में आवेदक विकास ने बताया कि उनके द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत पचोर में 302 शौचालयों का निर्माण करवाया गया लेकिन काफी समय पूर्व से बिल लंबित होकर लेखापाल ने भुगतान अटका रखा है। इस पर कलेक्टर ने लेखापाल दुर्गेश शर्मा की 01 वेतनवृद्धि रोकते हुए 3 दिवस में भुगतान के आदेश दिए।

### समस्या हल करने के साथ की गई कार्यवाहियां

खिलचीपुर के शिकायतकर्ता सचिन शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा नगर पालिका खिलचीपुर में नामातंरण के लिए आवेदन किया गया था अभी तक वह लंबित पड़ा है। इस पर लापरवाही पर कलेक्टर ने खिलचीपुर सीएमओ नोटिस जारी कर 07 दिवस में नामांतरण करने के निर्देश प्रदान किए। इसी तरह सारंगपुर नपा के वित्तीय वर्ष 2019, 2020 एवं 2021 में श्री लैय अग्रवाल से क्रय की गई विभिन्न सामग्रियों का पेंमेंट भी अर्से से लंबित रखने पर कलेक्टर ने शाखा प्रभारी एवं लेखापाल को निलंबन का नोटिस देकर सीएमओ को एससीएन जारी करने के निर्देश प्रदान किए।

मतदाताओं को नहीं बांटे फार्म

# निवार्चन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही, बीएलओ सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जिले में गत 4 नवंबर से मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण कार्य आरंभ हो चुका है। जिले भर में बनाए गए बीएलओ(बूथ लेवल ऑफिसर) घर-घर जाकर पूरी गंभीरता से मतदाता सूचियों को अघतन करने में जुटे हुए हैं। वहीं कुछ बीएलओ ऐसे भी हैं जिनके द्वारा निवार्चन आयोग के इस अति-महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाहियां भी बरती जा रही हैं।

इसी कड़ी में खिलचीपुर तहसील के एक बीएलओ रामकैलाश दांगी द्वारा मतदाता सूचियों के इस गहन पुनरीक्षण की मैपिंग तथा फार्म वितरण में गंभीर लापरवाही बरती गई। श्री दांगी द्वारा अभी तक मतदाताओं को फार्म तक वितरित नहीं किए गए हैं। इसके साथ ही बार-बार मोबाइल पर संपर्क करने पर उनके द्वारा कभी तो फोन उठाया नहीं जा रहा है और कभी संतोषजनक उत्तर नहीं दिया जा रहा है। इसके साथ ही खिलचीपुर के मतदान केंद्र क्रमांक-46 खाजली के भ्रमण के दौरान तहसीलदार एवं सहायक निवार्चक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को बीएलओ दांगी मौके से अनुपस्थित भी मिले।

### कलेक्टर के निर्देशों पर एसडीएम ने की कार्यवाही

सौंपे गए पदीय दायित्वों के निवर्हन में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी के निर्देशों पर खिलचीपुर एसडीएम अंकिता जैन ने बीएलओ रामकैलाश दांगी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय राजगढ़ एसडीएम कार्यालय नियत किया गया है। उल्लेखनीय है निलंबित बीएलओ श्री दांगी प्राथमिक विद्यालय खाजली में बतौर शिक्षक पदस्थ हैं।

## स्वर्णकार समाज महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी का गठन



**सारंगपुर।** स्वर्णकार समाज महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी का गठन उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। नव नियुक्त अध्यक्ष आशा महेंद्र सोनी ने कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मोना संतोषी सोनी ने नई अध्यक्ष को पदभार सौंपते हुए समाज के विकास के लिए निरंतर कार्य करने की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के दौरान समाज की सभी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक में नई कार्यकारिणी के सदस्यों को विभिन्न पदों का दायित्व सौंपा गया। सभी ने एकता और सहयोग के साथ समाज की उन्नति एवं सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। बैठक में आगामी कार्यों एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर मंगला सोनी, सरोज सोनी, पदमा सोनी, शेफाली सोनी, राधिका उपस्थित रहीं।

अब पाटनकलां और सालपुरा के निरीक्षण में मिली लापरवाही

# जिस केंद्र पर पहुंच रहीं सीएमएचओ पटेल वहीं लटके मिल रहे हैं ताले



**राजगढ़।** ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल द्वारा सतत रूप से उप-स्वास्थ्य केद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। पिछले दिनों फूलखेड़ी और बड़बेली के निरीक्षण में मिली लापरवाही के बाद अब राजगढ़ ब्लॉक के उप-स्वास्थ्य केंद्र पाटनकलां में निर्धारित समय पर ताला लगा हुआ मिला वहीं सालपुरा में एएनएम अनुपस्थित पाई गई।

सीएमएचओ डॉ. पटेल जब कल मंगलवार को पाटनकलां उप-स्वास्थ्य केंद्र पहुंची तो 10.45 बजे केंद्र पर ताला लगा हुआ पाया गया और सीएचओ डॉ. सोफिया खान अनुपस्थित मिलीं। इसी तरह ग्राम सालपुरा टीकाकरण में एएनएम भूली पुष्पद के 11 बजे तक अनुपस्थित रहने पर उक्त दोनों कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। सीएमएचओ डॉ. पटेल ने समस्त मैदानी कर्मचारियों को समय पर अपने कर्तव्य स्थल पर पहुंचने और अपना काम समय पर करने हेतु निर्देशित किया है। वहीं समस्त ब्लॉक अधिकारियों को निरंतर फील्ड भ्रमण कर अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्यवाही करने की बात कही। सीएमओ द्वारा किए गए इस निरीक्षण के दौरान डीसीएम सुनील वर्मा भी उपस्थित रहे।

# क्षेत्र में बढ़ते बिजली संकट पर कांग्रेस का आंदोलन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन




**नरसिंहगढ़।** क्षेत्र में लगातार बिगड़ती बिजली व्यवस्था और बार-बार होने वाली कटौती से त्रस्त किसानों, छात्रों व आम नागरिकों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए बिजली समस्या का तत्काल समाधान कराने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

इससे सिंचाई कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। रबी की फसल बोवनी पूर्ण होने के बाद किसान अपने खेतों में सिंचाई हेतु बिजली की मांग कर रहे हैं, लेकिन निर्धारित समय पर बिजली उपलब्ध न होने से किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही बताया कि छात्र भी बिजली कटौती के चलते परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पा रहे, वहीं व्यापार और दैनिक जीवन भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के चलते बिजली संकट गंभीर रूप ले चुका है और नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोग इस समस्या से अत्यधिक परेशान हैं। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र ही बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं की गई तो कांग्रेस पार्टी व्यापक जन आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन और शासन की होगी।ज्ञापन सौंपने वालों मे गोविन्द सिंह गुर्जर, मदरूप सिंह सोनगिरा, लखन रुहाला सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# राजगढ़ नपा ने 2016 के बाद लगे 114 कर्मचारियों को पद से हटाया

**नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के निर्देश**



**राजगढ़।** शासन के निर्देशों पर राजगढ़ नगर पालिका ने बड़ा निर्णय लेते हुए 1 सितंबर 2016 के बाद से नियुक्त अपने सभी 114 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। नगर पालिका ने हटाए गए उक्त 114 कर्मचारियों की लिस्ट भी जारी की हैं। उक्त आदेश जारी होने के बाद हटाए गए कर्मचारियों में खलबली मची देखी गई।

उल्लेखनीय है ये सभी कर्मचारी विभिन्न परिषदों के दौरान दैनिक वेतन भोगी पद पर रखे गए थे। इन 114 में शामिल अनेकों कर्मचारी नगर पालिका की विभिन्न शाखाओं में महत्त्वपूर्ण दायित्व भी निभा रहे हैं। इसके साथ ही अन्य कार्यों में सलग्न हैं। नगरीय आवास एवं प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुक्रम में यह बड़ा कदम उठाया गया है। इतनी अत्यधिक संख्या में सालों से काम करने के बाद बाहर निकाले गए कर्मचारियों में आक्रोश भी नजर आ रहा है। नगर पालिका प्रशासन ने अपने दफ्फर में उक्त सभी 114 कर्मियों की लिस्ट चस्पा की है।

लंबे समय से चल रहे थे अस्वस्थ, बिहारी जी मंदिर के सामने दी गई भावपूर्ण अंतिम विदाई

# नहीं रहे वरिष्ठ समाजसेवी और शिक्षाविद् जमनालाल मरोठिया

**सेन महाराज मंदिर परिसर के लिए की भूमि दान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

मंगलवार का दिन ब्यावरा नगर के लिए भावनाओं से भरा और आंखें नम करने वाला रहा। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी, शिक्षाविद् और श्री बिहारी महाराज के भक्त जमनालाल मारोठिया अब हमारे बीच नहीं रहे। 90 वर्ष की आयु में उन्होंने इस सांसारिक यात्रा को विराम दिया, लेकिन उनके द्वारा किए गए सेवा और भक्ति के कार्य नगरवासियों के हृदयों में अमर रहेंगे। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे, किंतु अंतिम दिनों तक वे प्रभु भक्ति और सेवा में लीन रहे। उनके निधन की खबर मिलते ही नगर में गहरा शोक छा गया। हर आंख नम थी, हर दिल यह कह रहा था "ऐसे लोग बार-बार नहीं मिलते।"

मारोठिया जी का जीवन समाजसेवा, सादगी और धर्मनिष्ठा का प्रतीक रहा।



उन्होंने श्री बिहारी जी मंदिर को न केवल अपनी भक्ति से सींचा, बल्कि अपने कर्मों से उसे जीवंत रखा। हर धार्मिक आयोजन में उनकी उपस्थिति प्रेरणास्रोत होती थी। वे अजनार नदी शुद्धिकरण अभियान से जुड़े रहे और सेन जी महाराज मंदिर परिसर के लिए समाज को भूमि दान कर अपनी निःस्वार्थ भावना का परिचय दिया।

### शवयात्रा में सभी की आंखें नम

मंगलवार दोपहर उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास से निकली। जब शवयात्रा श्री बिहारी जी मंदिर पहुंची तो पूरा वातावरण भक्ति और आंसुओं से भर गया। यह भावनात्मक दृश्य था। मंदिर समिति ने आतिशबाजी और पुष्पवर्षा से बिहारी जी के भक्त का स्वागत किया। मानो स्वयं बिहारी जी अपने परम भक्त को अंतिम आशीर्वाद दे रहे हों। मंदिर प्रांगण में मौजूद भक्तों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम प्रणाम किया। बिहारी जी को अंतिम प्रणाम के बाद शवयात्रा राजगढ़ रोड स्थित मुक्तिधाम पहुंची, जहां धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। नगर के सैकड़ों लोग, सामाजिक संगठन और धार्मिक संस्थाओं के सदस्य इस अंतिम यात्रा में शामिल हुए। श्री मारोठिया ने अपने जीवन के हर क्षण को समाज, शिक्षा और धर्म की सेवा में अर्पित किया। वे एक सच्चे कर्मयोगी, एक विनम्र शिक्षक और एक अद्भुत भक्त थे।

स्टैंड, होटल, सराय, सार्वजनिक स्थलों पर चैकिंग

# दिल्ली में हुए बम धमाके को लेकर अलर्ट मोड पर आई जिले में पुलिस



**राजगढ़।** देश की राजधानी नई-दिल्ली के लाल किले के समीप सोमवार शाम हुए दिल-दहलाने वाले बम विस्फोट ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है।

इस आतंकी हमले के बाद मध्यप्रदेश पुलिस भी एलर्ट मोड पर है। उक्त आतंकी घटना को गंभीरता से लेते हुए राजगढ़ पुलिस द्वारा भी मंगलवार से विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया गया।

इस दौरान न केवल राजगढ़ कोतवाली बल्कि जिले के सभी थानों, चैकियों, राजमार्गों पर वाहनों को निरंतर चेक किया जा रहा है। इसके साथ ही बस स्टैंड, होटल, सराय सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस लगातार चेकिंग रही है। संदिग्ध गतिविधियों वाले व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही होटलों में ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति की आईडेंटिटी, संधारित रजिस्टर इत्यादि को भी पुलिस द्वारा चेक किया जा रहा है। कोतवाली पुलिस की टीम ने मंगलवार को राजमार्ग से गुजरे व अन्य स्थानों पर कई वाहनों की मेंटल डिटेक्टर से विशेष चेकिंग की।

सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर जनप्रतिनिधियों और विद्यार्थियों ने दिखाई एकता की मिसाल

# पीपलया रसोड़ा से पचोर तक निकली गई एकता पदयात्रा




**ब्यावरा।** पीपलया रसोड़ा गांव में मंगलवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भव्य एकता पदयात्रा रन फॉर यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सरदार पटेल के जीवन, देश की एकता और अखंडता में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सांसद रोडमल नागर, केबिनेट मंत्री गौतम टेटवाल, विधायक मोहन शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, जिला महामंत्री अमित शर्मा, जिला उपाध्यक्ष कैलाश सोनी, बोड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष सरजन राजपूत, मंडावर मंडल अध्यक्ष बृजमोहन गुर्जर, पचोर मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित, जिला संयोजक मोहन गुप्ता सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### पुष्पवर्षा से स्वागत

पदयात्रा के दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर प्रतिभागियों का स्वागत-सत्कार किया गया। नगर व ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों, शिक्षकों, शासकीय कर्मचारियों और आमजन ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर एकता का संदेश दिया। पूरे मार्ग में राष्ट्रगीत और देशभक्ति गीतों की गूंज से माहौल देशभक्ति से सराबोर हो गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र की एकता, अखंडता और सौहार्द के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के इन कर्मियों में अधिकारी से लेकर कर्मचारी सभी शामिल

# सॉफ्टवेयर में बदलाव से अटकी एनएचएम के 509 कर्मियों की सैलरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग के तहत आने वाले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन(एनएचएम) के अधिकारियों, कर्मचारियों को पूर्व में हर माह की एक से पांच तारीख के बीच वेतन, मानदेय का भुगतान हो जाया करता था। लेकिन, इस माह(अक्टूबर पेड नवंबर) में एनएचएम के तहत जिले के विभिन्न अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों, उप-स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ 509 कर्मचारियों की तनख्वाह अभी तक नहीं मिल पाई है। वेतन मिलने की बाट जोह रहे एनएचएम के इन 509 कर्मियों में अधिकारी से लेकर फील्ड में कार्यरत कर्मचारी शामिल हैं।

दरअसल, इस माह समय पर वेतन न मिलने की वजह वेतन साफ्टवेयर में किया गया बदलाव है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विभाग व अन्य कर्मचारियों को तो उनकी सैलरी मिल चुकी है लेकिन सिर्फ एनएचएम के अधिकारी, कर्मचारी ही आज 12 तारीख होने के बावजूद पगार का इंतेजार कर रहे हैं। ऐसा भी नहीं है इस मामले में मिशन के एआउन्ट शाखा के कर्मचारियों की लापरवाही हो। बल्कि वेतन साफ्टवेयर में हुए बदलाव के चलते तनख्वाह का मामला अधर में लटका हुआ है। वैसे एनएचएम के जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि बहुत जल्द सभी कर्मचारियों की तनख्वाह/मानदेय आदि उनके खातों में पहुंच जाएगा।

**साफ्टवेयर में बदलाव के चलते आई समस्या-** एनएचएम के अधिकारियों, कर्मचारियों की सैलरी का भुगतान पूर्व में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के ई-वित्त साफ्टवेयर से डायरेक्ट हो जाया करता था। लेकिन, अब यह भुगतान एसएनए(सिंगल नोडल एजेंसी) स्पर्श के जरिए होगा। विभाग की अकाउन्ट शाखा से बिल इत्यादि लगाने की समस्त प्रक्रियाएं अलबत्ता पूर्ण कर ली गई हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि आगामी 4 से 5 दिनों में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को उनके वेतन, मानदेय का भुगतान हो जाएगा।

### जिनकी कम तनख्वाह है उन्हें आ रही परेशानी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिले में कार्यरत कुछ अधिकारियों, कर्मचारियों की तनख्वाह जहां काफी अधिक है वहीं कुछ कर्मचारी ऐसे भी हैं जिन्हें बहुत कम मानदेय मिलता है। ऐसे कम मानदेय वाले कर्मचारी इस माह अभी तक तनख्वाह खाते में न आ पाने के चलते आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नेशनल हेल्थ मिशन से विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों से लेकर मैदानी अमले से जुड़े कर्मचारी भी शामिल हैं।

### जल्द खातों में पहुंच जाएगी

हमारी तरफ से बिल इत्यादि सभी भिजवा दिए गए हैं। चूंकि, साफ्टवेयर चेंज हुआ है इसलिए इस महीने समस्या आई है। उम्मीद है कि जल्द ही सभी अधिकारियों, कर्मचारियों की सैलरी उनके खातों में पहुंच जाएगी।

**प्रवेश द्विवेदी, अकाउंटेंट**
एनएचएम, राजगढ़